सत्यमेव जयते

आधार
मेरा आधार, मेरी पहचान

भारत सरकार

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण

हिंदी दिवस संदेश – 2019

हिंदी दिवस (14 सितंबर) के अवसर पर भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि इस अवसर पर भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, मुख्यालय और इसके नियंत्रणाधीन सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में हिंदी पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। भाषा किसी भी राष्ट्र की सामाजिक एवं सांस्कृतिक धरोहर की संवाहक होती है। स्वतंत्रता आंदोलन के समय से ही हिंदी सबसे बड़ी संपर्क भाषा के साथ-साथ राष्ट्रीयता और एकता का मूल स्वर रही है। इस प्रकार हिंदी को राष्ट्रीय स्वाभिमान की सूचक एवं प्रेरणा स्रोत के रूप में सर्वाधिक उपयुक्त समझते हुए भारतीय संविधान सभा द्वारा 14 सितंबर, 1949 को भारत संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया।

सरकार की राजभाषा नीति सद्भावना, प्रेरणा तथा प्रोत्साहन पर आधारित है। हमें भी इन तीन मूलमंत्रों को ध्यान में रखना है। सर्वप्रथम, हमें हिंदी को भावनात्मक दृष्टिकोण से अपनाना है। दूसरे, जो लोग पहले से ही हिंदी में अच्छा काम कर रहे हैं, उनसे प्रेरणा लेनी है तथा सरकार द्वारा लागू प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ उठाते हुए हिंदी को अपने रोजमर्रा के सरकारी काम-काज का हिस्सा बनाना है।

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण में विभिन्न भाषाई क्षेत्रों से आए लोग साथ-साथ काम करते हैं और हमारे सभी मौखिक अनुदेश/निर्देश हिंदी में दिए जाते हैं। इसलिए हमारा पूर्ण प्रयास होना चाहिए कि अपने सरकारी काम-काज में अपनी राजभाषा को प्राथमिकता दें। हिंदी पत्राचार में केवल अनुवाद पर निर्भर न रहें, बल्कि मूल रूप में हिंदी का प्रयोग करें तभी हम हिंदी में काम करने में अभ्यस्त एवं सफल होंगे।

हिंदी दिवस-2019 के शुभ अवसर पर मैं भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से अपील करता हूं कि वे अपने सरकारी काम-काज में हिंदी के उत्तरोत्तर प्रयोग को बढ़ावा दें तथा हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित गतिविधियों में भाग लेकर आयोजन को सफल बनायें।

हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर आप सबको पुन: मेरी तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं।

अजय भूषण पाण्डेय
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
14 सितंबर, 2019